अति महत्वपूर्ण

परिपत्र संख्या-स0द0/25क/2021-22/261/कम्प्यूटरपरि0सं0/ 1050/2122052 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(सचल दल अनुभाग)

लखनऊ:: दिनॉक:: 25 फरवरी, 2022

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1
एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0)
ज्वाइण्ट कमिश्नर (वि0अनु0शा0)
डिप्टी कमिश्नर/असिस्टेण्ट कमिश्नर/वा0कर अधिकारी(वि0अनु0शा0/सचलदल)
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

विषय:: जी0एस0टी0एन0 द्वारा विकसित प्रवर्तन माड्यूल को लागू किये जाने के संबंध में।

उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 एवं उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर नियमावली, 2017 के प्रावधानों के अन्तर्गत प्रवर्तन में तैनात समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये जाते हैं कि दिनांक 28-02/01-03-2022 की मध्य रात्रि से वि0अनु0शा0 एवं सचलदल संबंधित समस्त कार्य एवं प्रविष्टि जी0एस0टी0एन0 द्वारा विकसित एवं क्रियाशील प्रवर्तन माड्यूल पर ही निष्पादित की जाएंगी। जी0एस0टी0एन0 प्रवर्तन माड्यूल पर कार्य सम्पादित करने हेतु लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड पूर्व में ही सभी अधिकारियों को प्रदान किए गए हैं। प्रत्येक जोन के सब-स्टेट एडमिन द्वारा प्रवर्तन अधिकारियों को रोल एलॉट किया जाना है । प्राय: समस्त सब-स्टेट एडमिन के द्वारा रोल एलॉट किया गया है, यदि लम्बित है तब प्रत्येक दशा में दिनांक 27-02-2022 तक एलॉट कर दिया जाए ।

प्रदेश के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा दिनांक 28-02-2022 की मध्यरात्रि तक पूर्ववत कार्य करते हुए जनरेटेड केसेस तथा पूर्व में कार्यवाही के लिए अवशेष मामलों में समस्त अग्रेत्तर कार्यवाहियाँ विभागीय माड्यूल पर निष्पादित की जा सकेंगी। तदुपरान्त दिनांक 28-02/01-03-2022 की मध्य रात्रि से जनरेटेड केसेस को केवल जी0एस0टी0एन0 द्वारा विकसित boweb portal पर उपलब्ध Enforcement Module पर ही निष्पादित किया जा सकेगा।

किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर वि0अनु0शा0 / सचलदल / आई0टी0 अनुभाग, मुख्यालय की ई-मेल आई0डी0 क्रमश: ctsibhqlu-up@nic.in, ctcphqlu-up@nic.in एवं ctithqlu-up@nic.in पर तत्काल सूचित करें। रोल एलॉटमेंट के सम्बन्ध में तकनीकी समस्या हेतु आई0टी0 अनुभाग की ई-मेल आई0डी0 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

25/2/2022

(मिनिस्ती एस.)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।